हिन्दी दिवस समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह: रिपोर्ट

हिन्दी दिवस समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह:दिनांक 27/09/2023 को राजभाषा प्रकोष्ठ, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो.क्षिति भूषण दास ने की। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर राजभाषा हिंदी में अधिकाधिक कामकाज करने हेतु विश्वविद्यालय के वित्त विभाग में कार्यरत श्री प्रीतम कुमार कश्यप को कुलपति महोदय के द्वारा 'विश्वविद्यालय हिंदी गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा राजभाषा हिंदी में अधिकाधिक कामकाज करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति ने कहा कि आज विश्वविद्यालय एवं राजभाषा प्रकोष्ठ के लिए गौरव का दिन है। आज हिंदी को तकनीकी क्षेत्र से जोड़ने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि गैर हिंदी भाषी लोगों में हिंदी में लिखने की रुचि पैदा करना हमारा कर्तव्य है। भारतवर्ष को एकीकृत करने के लिए हिंदी भाषा को एक संपर्क भाषा के रूप मेंकाम कर सकती है। प्रभारी कुलसचिव प्रो. कुंज बिहारी पंडा ने हिंदी की सरलता और सहजता पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि हिंदी को सरल बनाकर ही इसका विस्तार किया जा सकता है।

स्वागत वक्तव्य के दौरान हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो.रत्नेश विष्वकसेन ने कहा कि हिंदी कोई कठिन भाषा नहीं है, हमने इसे कठिन मान लिया है। हमारे राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत दोनों में तत्सम शब्दों की बहुलता है फिर भी वो हमें सरल लगते हैं।

तत्पश्चात हिंदी अधिकारी सह सहायक आचार्य डॉ. उपेंद्र कुमार 'सत्यार्थी' ने हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित गतिविधियों के संदर्भ में चर्चा करते हुए कहा कि हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं हिंदी के प्रति गैर-हिंदी भाषियों के बीच लगाव पैदा करने के लिए इस तरह की प्रतियोगिताएं आगे चलकर मिल का पत्थर साबित होंगी। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिसमें हिंदी प्रश्नोत्तरी, फ़िल्म समीक्षा,स्वरचित हिंदी कविता लेखन, हिंदी निबंध लेखन, हिंदी वाद-विवाद, हिंदी संक्षेपण एवं पोस्टर और नारा लेखन प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम पुरस्कार बादल कुमार, रुद्र प्रताप, ख्याति पाल, रुद्र प्रताप, नेलन बुढ़, शिखा खलखो और भुवनेश कुमार प्रधान को; द्वितीय पुरस्कार आदित्य सिंह, अनुपम कुमार, लव कुमार मंडल, नफीस अहमद खान, शिवनारायण बिश्नोई, अतुल प्रिया और याचना कुमारी को तथा तृतीय पुरस्कार नितिन कुमार, लव कुमार मंडल, शिवकुमार मधुकर, अश्विनी कुमार, अनुराग कुमार, आलोक राज और श्रेजल वर्मा को दिया गया। मंच संचालन सूरज रंजन तथा धन्यवाद ज्ञापन अब्दुल हलीम ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अनेक प्राध्यापक, कर्मचारी, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

झारखंड केंद्रीय विवि में हिंदी पखवाड़ा

रांची | राजभाषा प्रकोष्ठ, झारखंड केंद्रीय विवि में हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह हुआ। अध्यक्षता कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने किया और राजभाषा हिंदी में वित्त विभाग में कार्यरत प्रीतम कुमार कश्यप को विश्वविद्यालय हिंदी गौरव सम्मान से सम्मानित किया।

हिन्दुस्तान 28.09.23

समाचार सार

हिंदी भाषा में कार्य करने के लिए सम्मानित हुए प्रीतम कुमार

सीयूजे में आयोजित कार्यक्रम में प्रीतम को सम्मानित करते कुलपति ● जागरण

जासं, रांची : सेंट्रल युनिवर्सिटी आफ झारखंड के राजभाषा प्रकोष्ट द्वारा हिंदी पखवारे का समापन समारोह हुआ। जिसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने की। इस अवसर पर राजभाषा हिंदी में अधिक से अधिक कामकाज करने के लिए सीयूजे के वित्त विभाग में कार्यरत प्रीतम कुमार कश्यप को कुलपति ने विवि हिंदी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष सीयूजे द्वारा राजभाषा हिंदी में कामकाज करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया जाता है।

दैनिक जागरण 28.09.23

हिंदी को तकनीकी क्षेत्र से जोड़ने की जरूरत : कुलपति

रांची. केंद्रीय विवि, झारखंड अंतर्गत राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित हिंदी पखवाड़ा का समापन बुधवार को हुआ. कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने प्रीतम कश्यप को विवि हिंदी गौरव सम्मान से सम्मानित किया. कुलपति ने कहा कि अब हिंदी को तकनीकी क्षेत्र से जोड़ने की जरूरत है. साथ ही गैर हिंदी भाषी लोगों में हिंदी में लिखने की रुचि पैदा करना हमारा कर्तव्य है. प्रो कुंज बिहारी पांडा ने भी विचार दिये. प्रो रत्नेश विष्वकसेन ने सबका स्वागत किया. हिंदी अधिकारी (प्रभारी) डॉ उपेंद्र कुमार सत्यार्थी ने हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित गतिविधियों की चर्चा की. संचालन सूरज रंजन और धन्यवाद ज्ञापन अब्दुल हलीम ने किया. इस अवसर पर हिंदी संक्षेपण, पोस्टर और नारा लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया.

प्रभात खबर
Thu, 28 September 2023
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/73551536

प्रभात खबर 28.09.23

झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय
हिन्दी परखवाड़ा (14-29) सितंबर 2023
हिन्दी दिवस समारोह

सितंबर 2023

झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय	

झारखण्ड केन्द्रीय विश्ववि
खवाड़ा (1

केंद्रीय विश्वविद्यालय, रांची
(दिनांक 14-29 सितंबर, 2023)
तरण एवं समापन समारोह

झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय
ज्ञानात् हि बुद्धि कौशलम्
Knowledge To Wisdom
CENTRAL UNIVERSITY OF JHARKHAND